बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
आदेश

आदेश संख्या–12 / वि0–111 / 2024– 727 / पटना, दिनांक– 14.5.26

संवेदक, किशोर कन्स्ट्रक्शन (सूचीबद्धता सं0–0215011040002 / 2019) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया एवं फारबिसगंज के क्रमशः कार्यालय आदेश सं0–13, दि0–04.01. 2021 एवं आदेश सं0–97, दि0–31.12.2024 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–11.05.2026 को सुनवाई के संबंध में।

11.05.2026 संवेदक **किशोर कन्स्ट्रक्शन,** पता–ग्राम–कैतुका लच्छी, भाया–अमनौर, जिला–सारण (सूचीबद्धता संख्या–0215011040002 / 2019) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज अंतर्गत संवेदक, संवेदक, किशोर कन्स्ट्रक्शन (सूचीबद्धता सं0–0215011040002 / 2019) को फारबिसगंज अन्तर्गत हर घर नल का जल योजना के तहत एकरारनामा संख्या–MBD-38, 39, 41, 42, 44/2019-20 में निहित प्रावधानों के अनुरूप अनुरक्षण एवं मरम्मति संबंधी कार्यों में अभिरूचि नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया के कार्यालय आदेश संख्या–13, दि0–04.01.2021 एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के कार्यालय आदेश संख्या–97, दि0–31.12.2024 द्वारा डिबार किया गया।

संवेदक के द्वारा एकरारनामा के तहत कार्य पूर्ण करने के पश्चात क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया के पत्रांक–176, दि0–19.03.24 एवं पत्रांक–17, दि0–14.01.26 के द्वारा संवेदक को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया / फारबिसगंज अंतर्गत उक्त एकरारनामा में डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–11.05.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता के द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा अनुरक्षण एवं मरम्मति संबंधी कार्यों में अतिशय शिथिलता बरतने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। उक्त क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा यह भी कहा गया कि सभी योजनायें वर्तमान में चालू है एवं योजना अंतर्गत रख–रखाव मरम्मति संपोषण एवं संचालन का कार्य अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप किया जा रहा है ।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारियों के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया / फारबिसगंज के द्वारा संवेदक किशोर कन्स्ट्रक्शन (सूचीबद्धता सं0–0215011040002 / 2019) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0 / –
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–111 / 2024– 727 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–111 / 2024– 727 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/ Email

ज्ञापांक–12 / वि0–111 / 2024– 727 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया एवं फारबिसगंज / संवेदक, किशोर कन्स्ट्रक्शन, पता–ग्राम–कैतुका लच्छी, भाया–अमनौर, जिला–सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–111 / 2024– 727 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)